(i) **Printed Pages : 4** Roll No. ..................................

(ii) **Questions : 9** **Sub. Code : 0 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**(2042)**

**HINDI (Elective)**

**(Same for Shastri Semester-IV)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :—(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाषा शुद्ध एवं स्पष्ट होनी चाहिए।

1. (क) किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) मेरी श्वासें करती रहती नित प्रिय का अभिनंदन रे !
उस असीम का सुंदर मंदिर मेरा लघुतम जीवन रे !
पदरज को धोने उमड़े आते लोचन में जल-कण रे !
अक्षत पुलकित रोम, मधुर मेरी पीड़ा का चंदन रे !

(ii) मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने, सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले।

(iii) रूपों में एक अरूप सदा खिलता है,
गोचर में एक अगोचर अप्रमेय
अनुभव में एक अतीन्द्रिय
पुरुषों के हर वैभव में ओझल
अपौरुषये मिलता है।

(iv) जीवन है कुछ इतना विराट, इतना व्यापक
उसमें है सबके लिए जगह, सबका महत्त्व,
ओ मेजों को कोरों पर माथा रख-रखकर रोने वाले
यह दर्द तुम्हारा नहीं सिर्फ, सबका है। 4+4=8

(ख) धर्मवीर भारती की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

ऐसा तेरा लोक' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 10

2. 'मेंड़ तोड़ दी' एकांकी के आधार पर भोला का चरित्र चित्रण करें।

अथवा

'नए मेहमान' एकांकी के उद्देश्य को प्रतिपादित करें। 8

3. द्विवेदी युग की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन करें।

अथवा

नई कविता की विशेषताओं को सोदाहरण समझायें। 10

4. एकांकी का वर्गीकरण कीजिए।

अथवा

एकांकी के प्रमुख चार तत्वों का वर्णन करें। 10

5. किन्हीं **पाँच** टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखें :—

(i) Acknowledge receipt of this.

(ii) Agenda of the meeting is put up.

(iii) Call for explanation.

(iv) Copy is enclosed.

(v) Keep pending.

(vi) No action is necessary.

(vii) Reminder may be sent.

(viii) Order may be issued. 10

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिए :—

भाषा राष्ट्र की एकता का प्रधान वाहन है। भाषा की सहायता के बिना हम निकटस्थ व्यक्ति को भी नहीं बुला सकते किंतु भाषा ही एकमात्र साधन नहीं है जो राष्ट्र में एकता रखती हो। अतः हमें भाषा की साधना करते समय अन्य साधनों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। भाषा की आवाज़ उठाते समय प्रादेशिकता और साम्प्रदायिकता की भावना से हमें बचना चाहिए। अच्छा तो यह होगा कि हम भाषा को कल्याण साधन वाली माता के समान समझें। जिस प्रकार सच्ची माता संतानों के भेद-विभेद को दूर किए बिना नहीं रह सकती उसी प्रकार सच्ची राष्ट्र भाषा और सच्चा साहित्य भी अपने राष्ट्र के निवासियों में वर्ग विभेद नहीं करता। 8

7. जिलाधीश, जालंधर की ओर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जालंधर को नगर की समुचित सफाई व्यवस्था संबंधी पत्र लिखिये।

अथवा

सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, पंजाब सरकार की ओर से सभी जिलाधीशों को पत्र लिखें जिसमें भयानक कोरोना बीमारी की रोकथाम के लिए उचित सुझाव दिये गये हों। 8

8. किसी **एक** विषय का विस्तार दीजिए :—

(i) परोपकार सबसे बड़ा धर्म है।

(ii) अनुशासन का महत्व।

(iii) सत्संगति की महिमा। 8

9. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये :—

(i) अज्ञेय किस काव्यधारा के प्रवर्त्तक हैं ?

(ii) 'नीहार' किस छायावादी कवयित्री की रचना है ?

(iii) 'फुल मोमबत्तियां, टूटे सपने' - का प्रतीकार्थ स्पष्ट करें।

(iv) 'कनुप्रिया' किस कवि के किस काव्य-संग्रह से ली गई हैं ?

(v) 'फिर विकल है प्राण मेरे' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(vi) 'समुद्रगुप्त पराक्रमांक' एकांकी के लेखक का नाम बतायें।

(vii) मेंड़ तोड़ दी' एकांकी के दो पात्रों के नाम लिखें।

(viii) जगन्नाथ किस एकांकी का पात्र है ?

(ix) 'मैत्री' एकांकी के दोनों मित्रों का क्या नाम हैं ?

(x) 'नए मेहमान' एकांकी में किस समस्या का चित्रण है ?

(xi) छायावाद के प्रवर्त्तक कौन थे ?

(xii) भारतेंदु हरिश्चंद्र की दो रचनाओं के नाम लिखें।

(xiii) द्विवेदी युग के दो कवियों के नाम बतायें।

(xiv) नई कविता की दो प्रमुख विशेषताऐं कौनसी हैं ?

(xv) प्रयोगवाद की कालावधि का उल्लेख करें। 10